by E-mail
Email ID- cdupjn_amroha@yahoo.com

# कार्यालय

अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
मौहल्ला सिरसागढ़ पड़की, बम्बूगढ चौराहा/न्यू रोडवेज बस स्टैण्ड के पीछे कांकर सराय
वाई पास रोड, अमरोहा-244221

पत्रांक 3307 / न्यूज कटिंग / 135 दिनांक 25-06-2026

सेवा में,

अधिशासी निदेशक,
राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,
लखनऊ।

विषयः– **जनपद अमरोहा के दैनिक समाचार पत्र (दिनांक 20.06.2026) अमर उजाला में प्रकासित न्यूज के संबंध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक दैनिक समाचार पत्र अमर उजाला (20.06.2026) में प्रकासित न्यूज अधोहस्ताक्षरी को JJM Portal के माध्यम से प्राप्त हुई है, के संदर्भ में खण्ड से सम्बन्धित आख्या निम्नानुसार प्रेषित है–

**अद्यतन आख्या निम्नानुसार है–**

| हैड लाइन | आख्या |
| --- | --- |
| "एक करोड़ दस लाख खर्च, पानी मिलना दूर ओवर हैड टेंक निर्माण भी अधूरा" | ➢ वर्तमान में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत स्वीकृत 495 नग पेयजल योजनाओं (राजस्व ग्राम 884) में 884 राजस्व ग्रामों के सापेक्ष 676 राजस्व ग्रामों में फर्म द्वारा पेयजलापूर्ति की जा रही है।<br>➢ 493 नग ओ.एच.टी. के सापेक्ष 206 नग ओ.एच.टी. का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है, अवशेष कार्य प्रगति पर हैं।<br>➢ जनपद में औसतन 95.64 प्रतिशत ग्रामीणो को पेयजल कनेक्शन देने का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। अवशेष कार्य प्रगति पर हैं।<br>➢ पाइप लाइन बिछाने हेतु तोड़ी गयी सड़को को पाइप बिछाने के उपरान्त सड़क को मोटरेबल कर दिया जाता है तथा पेयजल कनेक्शन एवं हाईड्रोटैस्टिंग उपरान्त सड़को को Permanent पुर्नस्थापित कर दिया जाता है।<br>➢ **धनौरी माफी पेयजल योजना वि0ख0 गजरौला** के कार्य मैसर्स पी0एन0सी0–एस0पी0एम0एल0 जेवी, मुरादाबाद द्वारा कार्य कराये जा रहे है। उक्त ग्राम में शिरोपरि जलाशय का कार्य स्लेब कास्टिंग तक पूर्ण, पम्प हाउस व बाउड्रीवॉल का कार्य पूर्ण, पाइप लाइन का कार्य 5.57 कि0मी0 पूर्ण व गृहजल संयोजन 379 नग के सापेक्ष 138 नग पूर्ण एवं रास्तों को पूर्व में मोटरेबल कर दिया गया है। इसके अतिरिक्त योजना पर वर्तमान में विद्युत संयोजन लम्बित है, जिस हेतु वि0/यां0 खण्ड, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण) मुरादाबाद द्वारा कार्यवाही की जा रही है। विद्युत कनेक्शन प्राप्त होने पर डायेरेक्ट पम्प के माध्यम से पेयजलापूर्ति प्रारम्भ कर दी जायेगी। |

उक्त के अतिरिक्त अवगत कराना है कि जल जीवन मिशन के अन्तर्गत भारत सरकार के पत्रांक W-11011/30/2021-JJM-1-DDWS दिनांक 16.10.2025 द्वारा कार्य पूर्ण करने की तिथि 31 दिसम्बर 2028 तक विस्तारित कर दिया गया है, धन की उपलब्धता के अनुसार कार्य पूर्ण कर नियमित रूप से पेयजल आपूर्ति प्रारम्भ कर दी जायेगी, सादर सूचनार्थ प्रेषित।

भवदीय

(मुजीब अहमद)
अधिशासी अभियन्ता

पृ०सं० एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।

प्रतिलिपिः— निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1— मुख्य अभियन्ता(ग्रामीण) महोदय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), लखनऊ।
2— अधीक्षण अभियन्ता महोदय, मण्डल कार्यालय उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण) मुरादाबाद।
3— जिलाधिकारी महोदय, जनपद अमरोहा।
4— मुख्य विकास अधिकारी महोदय, जनपद अमरोहा।
5— जिला सूचना अधिकारी, अमरोहा।
6— अधिशासी अभियन्ता, विद्युत यांत्रिक खण्ड, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण) मुरादाबाद।
7— सम्बन्धित सहायक अभियन्ता / जू0इं0।
8— फर्म मै0 पी.एन.सी.—एस.पी.एम.एल. (जेवी) मुरादाबाद को इस निर्देश के साथ कि उक्त योजना के समस्त कार्य पूर्ण कर पेयजलापूर्ति कराना सुनिश्चित करें।


अधिशासी अभियन्ता

Scanned with CamScanner

# एक करोड़ दस लाख खर्च, पानी मिलना दूर ओवरहेड टैंक निर्माण भी अधूरा

Vimal Sharma Updated Sat, 20 Jun 2026 08:21 PM IST

Add as a preferred source on google




जल जीवन मिशन के तहत 109.68 लाख रुपये खर्च होने के बाद भी धनौरी माफी व बल्दाना असगर अली के लोगों को पानी मिलना तो दूर ओवरहेड टैंक का निर्माण भी पूरा नहीं हो सका। गांव की सड़कों को तोड़कर ग्रामीणों की दुश्वारियां को बढ़ा दिया है। धनौरी माफी ग्राम पंचायत में बल्दाना असगर अली मजरा भी लगता है। दोनों गांवों की आबादी करीब पांच हजार है। जिसको शुद्ध पेयजल मुहैया कराने के लिए जल जीवन मिशन ने सितंबर-23 में ओवरहेड टैंक बनाने और पाइप लाइन बिछाने का काम शुरू किया। ओवरहेड टैंक का निर्माण कार्य करीब 70 फीसदी हुआ, जबकि दोनों गांवों के प्रत्येक गली की पक्की सड़क को तोड़कर पाइप लाइन बिछा दी गई। जिस पर मिशन ने 109.68 लाख रुपये खर्च कर दिए। मगर हैरत की बात यह है कि इसके बाद भी दोनों गांवों के लोगों को उससे पानी मिलना तो दूर ओवरहेड टैंक निर्माण का काम जो एक साल से बंद पड़ा है, उसे पूरा नहीं किया। टूटी सड़कों की भी सुध नहीं ली। लोग सबमर्सिबल चलाकर या हैंडपंप से पानी भरकर अपनी प्यास बुझा रहे हैं।

Latest

Scanned with CamScanner